# पाठ – 13

# गति एवम समय

---

## अभ्यास

**Q1. निम्नलिखित गतियों का वर्गीकरण सरल रेखा के अनुदिश, वर्तुल तथा दोलन गति में कीजिए:**
**(क) दौड़ते समय आपके हाथों की गति**
**(ख) सीधी सड़क पर गाड़ी को खींचते घोड़े की गति**
**(ग) 'मैरी गो राउंड' झूले में बच्चे की गति**
**(घ) 'सी-सॉ' झूले पर बच्चे की गति**
**(च) विद्युत घंटी के हथौड़े की गति**
**(छ) सीधे पुल पर रेलगाड़ी की गति**

**उत्तर :** (क) दोलन गति

(ख) सरल रेखा के अनुदिश

(ग) वर्तुल गति

(घ) दोलन गति

(च) दोलन गति

(छ) सरल रेखा के अनुदिश

**Q2. निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही नहीं हैं?**
**(क) समय का मूल मात्रक सेकंड है।**
**(ख) प्रत्येक वस्तु नियत चाल से गति करती है।**
**(ग) दो शहरों के बीच की दूरियाँ किलोमीटर में मापी जाती हैं।**
**(घ) किसी दिए गए लोलक का आवर्तकाल नियत नहीं होता।**
**(च) रेलगाड़ी की चाल m/h में व्यक्त की जाती है।**

**उत्तर :** (ख),(घ) और (च) सही नहीं हैं

**Q3. कोई सरल लोलक 20 दोलन पूरे करने में 32 s लेता है। लोलक का आवर्तकाल क्या है?**

**उत्तर :** दोलन की संख्या = 20 दोलन पूरे करने के लिए समय = 32s आवर्तकाल = समय/दोलन = 32/20 = 1.6 s

**Q4. दो स्टेशनों के बीच की दूरी 240 km है। कोई रेलगाड़ी इस दूरी को तय करने में 4 घंटे लेती है। रेलगाड़ी की चाल परिकलित कीजिए ।**

**उत्तर :** दो स्टेशनों के बीच की दूरी = 240 km दूरी तय करने में समय = 4h चाल = दूरी/समय = 240/4 = 60km/hr

**Q5. किसी कार के पथमापी का 08 :30 AM पर पाठ्यांक 57321.0 km है। यदि 08:50 AM पर पथमापी का पाठ्यांक परिवर्तित होकर 57336.0 km हो जाता है, तो कार द्वारा चली गयी दूरी कितनी है? कार की चाल km/min में परिकलित कीजिए। इस चाल को km/h में भी व्यक्त कीजिए ।**


**उत्तर :** आरंभिक पथमापी का पाठ्यांक = 57321.0 km अंतिम पथमापी का पाठ्यांक = 57336.0 km कार के द्वारा तय की गई दूरी = 57336.0 – 57321.0 km = 15 km कार 8:30 am बजे चलती है और 8:50 am बजे रुकती है दूरी तय करने के लिए कार के द्वारा लिया गया समय = (8:50 – 8:30) = 20 min तय करी गई दूरी = 15 km चाल = दूरी/समय = 15/20 = 0.75 km/min हम जानते हैं कि, 60 min = 1 hr 20 min = (1/60) x 20 = 1/3 hr कार के द्वारा लिया गया समय = 1/3 hr चाल = दूरी/समय = 15/(1/3) = 45 km/hr

**Q6. सलमा अपने घर से साइकिल पर विद्यालय पहुँचने में 15 मिनट लेती है। यदि साइकिल की चाल 2 m/s है, तो घर से विद्यालय की दूरी परिकलित कीजिए ।**


**उत्तर :** सलमा के द्वारा अपने घर से विद्यालय पहुंचने तक लिया गया समय = 15 min = 15 x 60 = 900 s साइकिल की चाल = 2 m/s चाल = दूरी/समय तय की गई दूरी = चाल x समय = 2 x 900 = 1800 m 1000 m = 1 km 1800 m = (1/1000) x 1800 = 1.8 km

**Q7. निम्नलिखित स्थितियों में गति के दूरी-समय ग्राफ़ की आकृति दर्शाइए-**
**(क) नियत चाल से गति करती कार**
**(ख) सडक के किनारे खड़ी कोई कार**

**उत्तर :** (क) नियत चाल से गति करती कार का दूरी-समय ग्राफ




(ख) सड़क के किनारे खड़ी कोई कार का दूरी-समय ग्राफ समय




**Q8. निम्नलिखित में कौन -सा संबंध सही है?**
**(क) चाल = दूरी x समय**
**(ख) चाल = दूरी /समम**
**(ग) चाल = समय /दूरी**
**(घ) चाल =1/(दूरी x समय)**

**उत्तर :** (ख) चाल = दूरी /समम

**Q9. चाल का मूल मात्रक है**
**(क) km/min**
**(ख) m/min**
**(ग) km/h**
**(घ) m/s**

**उत्तर :** (घ) m/s


**Q10. कोई कार 40km/h की चाल से 15 मिनट चलती है, इसके पश्चात् वह 60 km/h की चाल से 15 मिनट चलती है। कार द्वारा तय की गई कुल दूरी होगी -**
**(क) 100 km**
**(ख) 25 km**
**(ग) 15 km**
**(घ) 10 km**

**उत्तर :** स्तिथि - I कार की चाल = 40 km/hr समय = 15 min = 15/60 = 0.25 hr चाल = दूरी/समय तय की गई दूरी, d1 = चाल x समय = 40 x 0.25 = 10 km स्तिथि – II कार की चाल = 60 km/hr समय = 15 min = 15/60 = 0.25 hr चाल = दूरी/समय तय की गई दूरी, d2 = चाल x समय = 60 x 0.25 = 15 km कुल दूरी = d1 + d2 = 10 + 15 = 25 km

**Q11. मान लीजिए चित्र 13.1 तथा चित्र 13.2 में दर्शाए गए फोटोग्राफ 10 सेकंड के अंतराल पर खींचे गए। यदि इन फोटोग्राफों में 100 मीटर की दूरी को 1 cm द्वारा दर्शाया गया है, तो तीव्रतम कार की चाल परिकलित कीजिए।**


**उत्तर :** नीली कार द्वारा एक सफेद पट्टी से दूसरी सफेद पट्टी तक तय की गई दूरी = 1.4 cm दर्शाया गया है कि, 1cm = 100m 1.4 cm = 140m दोनों फोटोग्राफ के बीच खींचे जाने का समय = 10s चाल = दूरी/समय = 140/10 = 14 m/s

**Q12. चित्र 13.15 में दो वाहनों, A तथा B की गति के दूरी-समय ग्राफ़ दर्शाए गए हैं। इनमें से कौन - सा वाहन अपेक्षाकृत तीव्र गति से चल रहा है?**



*चित्र 13.15 दो वाहनों की गति के दूरी-समय ग्राफ़*


**उत्तर :**



चित्र 13.15 दो वाहनों की गति के दूरी-समय ग्राफ़

A तीव्र गति से चल रहा है क्योंकि, अगर याद किया जाए कि चाल = दूरी x समय जैसे जैसे दूरी बढ़ेगी, वैसे वैसे चाल बदेगी। बराबर समय में वाहन A, वाहन B से ज़्यादा दूरी तय करता है, जिससे ये साबित होता है कि वाहन A ki गति ज़्यादा है।

**Q13. निम्नलिखित दूरी-समय ग्राफ़ों में से कौन उस ट्रक की गति को दर्शाता है, जिसमें उसकी चाल नियत नहीं है?**




**उत्तर :** ग्राफ (iii) में दर्शाए गए ट्रक की गति नियत नहीं है।